बिहार सरकार
**पर्यटन विभाग**
प्रथम तल, बी0 ब्लॉक, एक्सटेंशन भवन, मुख्य सचिवालय, पटना।
Email- js. bihartourism@gmail.com, website: www.bihartourism.gov.in

Blissful Bihar
BIHAR TOURISM

संचिका संख्या०– पर्य०वि०प०(ता०)– 42 / 2023.2515..... दिनांक 06-11-2023

प्रेषक,

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सचिव,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना।

विषयः– डा० रामवचन राय (मनोनीत), माननीय स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के 205वें सत्र में पूछे जाने वाले तारांकित ऑनलाईन प्रश्न संख्या– 1 / 205 / 267 को हस्तांतरित करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि डा० रामवचन राय (मनोनीत), माननीय स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के 205वें सत्र में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों के परिचालन से संबंधित है। इस विषय का संबंध भवदीय के विभाग से है।

अतः उक्त प्रश्न को आवश्यक कार्रवाई हेतु हस्तांतरित किया जा रहा है। इस आशय की सूचना बिहार विधान परिषद् को भी दी जा रही है।

सादर।

अनु०– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

उप निदेशक, 6/11/23
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक 2515 दिनांक 06-11-2023

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् / संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को उक्त ऑनलाईन प्रश्न संख्या– 1 / 205 / 267 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

# Bihar Vidhan Parishad Question

1/205/267

**बसों को चलाने का विचार कबतक**

27/10/2023 02/11/2023

*1/205/267 डा. रामवचन राय(मनोनीत)

पर्यटन

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के बथुआ बाजार से मीरगंज होते हुए पटना तक आने-जाने के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि आवागमन का कोई साधन नहीं रहने के कारण आमलोगों के साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को विद्यालय एवं महाविद्यालय में जाने में तथा आमलोगों को बथुआ बाजार से मीरगंज और पटना आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रास्ते पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों को प्रतिदिन चलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----